दिन– रविवार दिनांक– 23/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत राज्य में अड़तालीस लाख परिवार चयनित। ग्रामसभा में अनुमोदन के बाद तैयार होगी अंतिम सूची।

02. राज्य आयोगों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाली चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज गया में। सम्मेलन में सत्रह राज्यों से लगभग एक सौ अस्सी प्रतिनिधि होंगे शामिल।

03. वस्तु और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की तीन सौ सत्तावन वेबसाइट बंद कीं।

04. और, पटना में खेले जा रहे सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता में भारतीय महिला डबल्स टीम फाईनल में पहुंची।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए किये जा रहे सर्वेक्षण में अब तक राज्य में अड़तालीस लाख परिवार चयनित किये गये हैं। ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार इकतीस मार्च तक सर्वेक्षण का काम किया जायेगा। इसके बाद ग्राम सभा में अनुमोदन के बाद अंतिम सूची तैयार की जायेगी। विभाग के अनुसार सबसे अधिक राजधानी पटना में एक लाख पचासी हजार परिवारों के नाम इस सूची में शामिल किये गये हैं, जबकि सबसे कम शेखपुरा और मुंगेर जिले में परिवार मिले हैं। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य में अनियमितता बरतने के आरोप में छह कर्मचारियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। एक कर्मचारी को निगरानी विभाग ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ छप्पन ग्रामीण आवास सहायक, दो पर्यवेक्षक, एक लेखा सहायक और एक पंचायत रोजगार सेवक की सेवा समाप्त कर दी गयी है।

---

राज्य आयोगों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाली चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज गया जिले के बिपार्ड में आयोजित की गयी है। इस सम्मेलन में सत्रह राज्यों से लगभग एक सौ अस्सी प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिसमें विभिन्न उच्च न्यायालयों के वर्तमान और सेवानिवृत न्यायाधीश शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष न्याय मूर्ति अमरेश्वर प्रताप शाही और बिपार्ड के महानिदेशक के. के. पाठक शामिल होंगे।

---

राज्य में तीन दिवसीय बिहार दिवस के अवसर पर आज भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना के गांधी मैदान में कल कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार जीविका दीदियों को हर सम्भव मदद करती रहेगी। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को बढ़ने का मौका मिला है। इधर, जम्मू–कश्मीर समेत सत्ताईस राज्यों में बिहार दिवस का आयोजन किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि इन राज्यों के छिहत्तर स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वही, जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जम्मू के राजभवन में आयोजित समारोह में शामिल हुए। उन्होंने बिहार के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुये कहा कि प्राचीन काल से ही बिहार अपनी आध्यात्मिकता, समृद्ध इतिहास और जीवंत संस्कृति के लिए पहचाना जाता है। राज्यपाल ने विभिन्न क्षेत्रों में बिहार के उल्लेखनीय योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि बिहार के लोगों ने अपने नवाचार और कड़े परिश्रम से एक अमिट छाप छोड़ी है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुख, विद्यार्थी और जम्मू–कश्मीर में रहने वाले बिहार के निवासी विशेष रूप से आमंत्रित थे।

---

राज्य में पासपोर्ट बनाने के लिए अब तत्काल आवेदन की शुरूआत सभी जिलों में की जा रही है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारी स्वधा रिजवी ने बताया इससे लोगों को पटना आकर आवेदन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दरभंगा पासपोर्ट सेवा केन्द्र में तत्काल पासपोर्ट आवेदन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही गोपालगंज, सीवान, गया, औरंगाबाद और सहरसा में भी शुरू की जा रही है।

---

केन्द्र सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज निर्यात पर बीस प्रतिशत शुल्क वापस लेने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता भी बनी रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि रबी फसलों के अधिक उत्पादन की संभावना के बाद थोक और खुदरा कीमतों में कमी आई है। प्याज की घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्ष तेरह सितंबर से बीस प्रतिशत का निर्यात शुल्क लागू किया गया था।

---

भारत का सकल घरेलू उत्पाद दस वर्षों में एक सौ पांच प्रतिशत की वृद्धि के साथ दोगुना हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, इस मामले में भारत अब

अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान के बाद दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। वर्ष दो हजार पन्द्रह में भारत का सकल घरेलू उत्पाद दो लाख दस हजार करोड़ डॉलर था, जो वर्ष दो हजार पच्चीस में बढ़कर चार लाख तीस हजार करोड़ डॉलर हो गया।

---

राज्य के गंगा, सोन, गंडक और कोसी नदी पर बारह नये पुल बनाये जायेंगे। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार पैंतीस तक राज्य के किसी भी कोने से तीन घंटे में पटना पहुंचने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने कहा कि पन्द्रह पुलों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच हजार किलोमीटर सिंगल लेन सड़क को दो या इससे अधिक चौड़ा किया जायेगा।

---

राज्य में नीरा के उत्पादन और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए इस कार्य में लगे लोगों को प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। मद्य निषेध और उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत ताड़ी की बिक्री को रोका जायेगा, लेकिन ताड़ के रस और उसे निकालने वाले लोगों को यह राशि दी जायेगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए राज्य में बीस हजार लोगों की पहचान की गयी है।

---

माल और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की अवैध और अनुपालना नहीं करने वाली तीन सौ सत्तावन वेबसाइट को बंद कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि ये कंपनियां जीएसटी के संदर्भ में पंजीकरण, कर भुगतान करने और कर नियमों का पालन करने में विफल रही है। सरकार ने आम जनता को सतर्क रहने तथा विदेशी ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म के साथ न जुड़ने की सलाह दी गई है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा – सी यू ई टी के ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि कल तक के लिए बढ़ा दी है। परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि में भी संशोधन किया गया है। अब पच्चीस मार्च तक शुल्क जमा किया जा सकता है। आवेदक छब्बीस से अट्ठाईस मार्च के बीच आवेदन पत्र के विवरण में संशोधन कर सकते हैं। एजेंसी के अनुसार देश के विभिन्न शहरों और विदेशों के पन्द्रह शहरों में कंप्यूटर आधारित परीक्षा आठ मई और पहली जून के बीच आयोजित की जाएगी।

---

राष्ट्र भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के तीन वीर क्रांतिकारियों – शहीद–ए–आजम भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर को आज श्रद्धांजलि दे रहा है। देश के इन तीन वीर सपूतों को वर्ष उन्नीस सौ इकतीस में आज ही के दिन लाहौर के केंद्रीय कारागार में फांसी दे दी गई थी। इन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों को सत्रह दिसंबर उन्नीस सौ अट्‌ठाईस को लाहौर में ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जे.पी. सॉन्डर्स की हत्या के आरोप में मौत की सजा सुनाई गई थी।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से तेज हवा के साथ हल्की बारिश हुई है। जिससे न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विज्ञान केंद, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी भागों के अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

———————————————————————

पटना जिले के अगमकुआं थाना क्षेत्र के धनुकी मोड़ के पास स्थित एक निजी अस्पताल की संचालिका डॉक्टर सुरभि राज को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार अपराधियों ने चिकित्सक को उनके कार्यालय कक्ष में गोली मारी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र स्पोटर्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता के महत्वपूर्ण मुकाबले में भारतीय महिला डबल्स टीम फाईनल में पहुंच गयी है। वहीं, भारतीय पुरूष वर्ग की टीम सेमीफाईनल में पहुंच गयी है, जहां उसका मुकाबला म्यांमार से होगा। इधर, नई दिल्ली में खेले जा रहे खेलो इंडिया पैरा गेम्स में बिहार के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीता है।

———————————————————————

तमिलनाडु में आयोजित पच्चीसवीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता में गया जिले के फतेहपुर निवासी विशाल कुमार ने राईफल शूटिंग प्रतियोगिता के पहले चक्र में स्वर्ण और दूसरे चक्र में रजत पदक जीता है।

———————————————————————

कोलकाता में खेले गये इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट के पहले मैच में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से हरा दिया। इधर, आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच दोपहर

बाद साढे तीन बजे से खेला जाएगा। वहीं, दूसरा मुकाबला मुंबई इंडियन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। मैच शाम साढे सात बजे से चेन्नई में शुरू होगा।

---

बेगूसराय जिले के नगर थाना क्षेत्र के खतोपुर चौक के पास बारात से लौट रहे एक वाहन के पटल जाने चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

---

निगरानी की विशेष अदालत ने नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड के तत्कालीन हल्का कर्मचारी मुसाफिर सिंह को रिश्वत लेने के आरोप में दोषी पाया है। न्यायालय ने दोषी कर्मचारी को एक साल का सश्रम कारावास और दस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

---

मुजफ्फरपुर जिले में सीमा शुल्क के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन से ग्यारह लाख रूपये से अधिक मूल्य के सात सौ तिहत्तर किलोग्राम पोस्ता दाना को जब्त किया है।

---

सहरसा जिले के बिहरा थाना क्षेत्र के बरहशेर पंचायत में भूमि विवाद में अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

---

भागलपुर जिले के नवगछिया थाना क्षेत्र में एक स्कूल के कमरे का फर्श टूट जाने के कारण नौ छात्राएं घायल हो गयी।

---

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में पुलिस ने एक हथियार तस्कर को पन्द्रह अर्धनिर्मित पिस्टल, दो कारतूस और अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

---

नालंदा जिले की साईबर थाना पुलिस ने छात्रों से ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों पर इंटरमीडिएट और मैट्रिक परीक्षा में अंक बढ़ाने के नाम पर पैसे लेने का आरोप है।

---

पटना जिले के पीरबहोर और कदमकुआं थाना क्षेत्र से अपराधियों ने तीन लोगों से मोबाईल फोन छिनकर फरार हो गये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं,

जिले के नौबतपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने अपराधियों से मुठभेड़ के दौरान एक तीन लाख रूपये के ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। इधर, दानापुर रेल पुलिस ने स्टेशन पर यात्रियों से ठगी करने के आरोप में पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से कई एटीएम कार्ड और तिरासी हजार रूपये नकद बरामद किया गया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार दिवस की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने बिहार दिवस पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बिहार को विकसित बनाने में भागीदार बने।

दैनिक जागरण ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से नकदी मिलने के मामले को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– न्यायिक कामकाज से हटाये गये जस्टिस वर्मा, समिति करेगी जांच।

दैनिक भास्कर पटना के बॉलीबुड अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत हत्या मामले में सीबीआई जांच पर लिखा है– विशेष अदालत करेगी आगे की जांच पर फैसला।

प्रभात खबर लिखता है– आरा और पूर्णियां में आभूषण लूटकांड का मुख्य आरोपी, चुनमुन एनकाउंटर में ढेर।

आज अखबार की सुर्खी है– राज भाषा के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल को मिला प्रथम पुरस्कार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत राज्य में अड़तालीस लाख परिवार चयनित। ग्रामसभा में अनुमोदन के बाद तैयार होगी अंतिम सूची।

02. राज्य आयोगों और न्यायाधिकरणों के समक्ष आने वाली चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आज गया में। सम्मेलन में सत्रह राज्यों से लगभग एक सौ अस्सी प्रतिनिधि होंगे शामिल।

03. वस्तु और सेवा कर खुफिया महानिदेशालय ने ऑनलाइन मनी गेमिंग की तीन सौ सत्तावन वेबसाइट बंद कीं।

04. और, पटना में खेले जा रहे सेपक टाकरा विश्व कप प्रतियोगिता में भारतीय महिला डबल्स टीम फाईनल में पहुंची।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।